21/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने एक सौ दिन की पहल के अंतर्गत **गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस-जीईएम** ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन-देन शुल्क में कटौती की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि जीईएम में अपना लेन-देन शुल्क लगभग तैतीस प्रतिशत घटा दिया है जिससे विक्रेताओं को लाभ होगा और वे ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। जीईएम ने अपने पोर्टल के लिए नई राजस्व नीति की घोषणा की है, जो इस वर्ष नौ अगस्त से प्रभावित हो गई है। इस नीति के अनुसार दस लाख रुपये तक के लेन-देन पर शून्य शुल्क लगेगा। इससे पहले यह सीमा पांच लाख रुपये थी। मंत्रालय ने कहा है कि इससे जीईएम पर लगभग सत्तानबे प्रतिशत लेन-देन शून्य शुल्क के दायरे में आ जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि बाकी लेन-देन पर नाममात्र **शून्य दशमलव तीन शून्य** प्रतिशत शुल्क लगेगा जो अधिकतम तीन लाख रुपये होगा। मंत्रालय ने कहा है कि लेन-देन की संरचना में बदलाव का उद्देश्य जन खरीद परिवेश में पारदर्शिता लाना है। इससे छोटे उद्योगों को लाभ होगा और वित्तीय तथा परिचालन संबंधी बाधाओं से उबर सकेंगे।

0000000000000000000000

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने देश में एकता की भावना बढाने के लिए पूर्वोत्तर के नागरिकों के उत्थान का आह्वान किया है। वे आज नई दिल्ली में **पूर्वोत्तर विद्यार्थी महोत्सव -एनईएसटी के सातवें संस्करण** को संबोधित कर रहे थे।

श्री रिजिजू ने कहा कि देश में वर्ष दो हजार चौदह के बाद से पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति सम्मान और जागरूकता में बढोतरी हुई है। केन्द्रीय मंत्री ने सभी से देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले नागरिकों के बारे में जागरूक रहने का आग्रह किया। उन्होंने **पूर्वोत्तर विद्यार्थी महोत्सव** की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पूर्वोत्तर की संस्कृति के बारे में जन जागरूकता बढाते हैं।

0000000000000000000000

राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज ईटानगर के राजभवन में राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक से मुलाकात की। यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी, जिन्होंने इस महीने की सोलह तारीख को पदभार संभाला था। बैठक के दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव को सीमावर्ती गांवों को मजबूत करने, मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को बढ़ाने और आम जनता के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने वास्तविक समय की निगरानी के लिए भू-स्थानिक उपकरणों सहित प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

000000000000000000000

आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने सुश्री आतिशी को पद की शपथ दिलाई।

राजनिवास में आयोजित एक समारोह में सुश्री आतिशी के साथ ही आप पार्टी नेता गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन तथा मुकेश अहलावत ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने अगले कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में सोमवार से गुरुवार तक भारी बारिश होने की संभावना है। 00000000000000

चल रहे स्वच्छता ही सेवा दो हजार चौबीस अभियान के तहत आज लोअर सियांग जिले के लिकाबली में मालिनी मंदिर, रुक्मिणी मंदिर और आकाशी गंगा के परिसर में स्वच्छ भारत स्वयं सेवकों द्वारा 'स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के तहत सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह, आज जिला प्रशासन द्वारा दीपा गांव में सौ फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज पोडियम के ऐतिहासिक स्थल पर भी सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया।

0000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में डीसी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को Urban Immunization Strengthening पर Workshop आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य सोसायटी ईस्ट सियांग और डब्ल्यूएचओ ने संयुक्त रूप से किया।

इसके अलावा यूपीसी और जेएनसी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, एनओ, एएनएम और शहरी आशा ने इसमें भाग लिया।

0000000000000000

एयर मार्शल **अमर प्रीत सिंह को देश के अगले वायु सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त** किया गया है। वे वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। **एयर मार्शल** अमर प्रीत सिंह इस महीने की 30 तारीख की दोपहर को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे।

00000000000000000

कल चांगलांग जिले के मियाओ सबडिविजन के अंतर्गत सौंगकिंग और फंग्याक में महिला ग्राम सभा और बाल बालिका ग्राम सभा आयोजित की गई। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि समावेशी विकास को प्राप्त करने के लिए महिलाओं और बच्चों की आवाज़ को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। यह सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण और अधिक न्यायसंगत भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (डीएचएस), नाहरलागुन के डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) अभियान कल नाहरलागुन में डीएचएस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) अरुणाचल द्वारा चलाया गया।

कुल मिलाकर एक सौ अट्ठावन ABHA नंबर बनाए गए। ABHA अभियान आयुष्मान पखवाड़ा के दस दिवसीय उत्सव का एक हिस्सा है जो कल से शुरू हुआ और इस महीने की तीस तारीख तक जारी रहेगा।

0000000000000000